# संचालनालय महिला एवं बाल विकास, मध्यप्रदेश

"विजयाराजे वात्सल्य भवन, 28 – A,अरेरा हिल्स, भोपाल (म0प्र0) - 462011
फोन : 2550909, फैक्स : 2550912, E-m-ail directorate.wcd@mp.gov.in/ Website www.mpwcdmis.org

क्र./मबावि/SAP-2/2025/2106 भोपाल, दिनांकः 19/06/2025

प्रति,

आयुक्त
जनसंपर्क संचालनालय,
भोपाल, मध्यप्रदेश

**विषयः–** आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं आंगनवाड़ी सहायिकाओं के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु विज्ञापन प्रकाशन बाबत।

विभाग अंतर्गत जिलों में संचालित आंगनवाड़ी केन्द्रों में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं के मानदेय आधारित रिक्त पदों की पूर्ति हेतु विज्ञापन जारी किया जाना है।

आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका के पूर्णतः अस्थाई एवं मानदेय आधारित जिलेवार रिक्त पदों की पदपूर्ति किये जाने हेतु विज्ञापन, प्रदेश के संबंधित जिलों में सर्वाधिक प्रसारित 02 हिन्दी समाचार पत्रों एवं रोजगार निर्माण में प्रकाशित किये जाने हेतु विज्ञप्ति का प्रारूप संलग्न कर प्रेषित किया जा रहा है।

कृपया संलग्न विज्ञप्ति, उक्तानुसार समाचार पत्रों में शीघ्र प्रकाशित कराने का कष्ट करें।

संलग्न– उपरोक्तानुसार

19/06/25
(सूफिया फारूकी वली)
आयुक्त
महिला एवं बाल विकास,
मध्यप्रदेश

पृ. क्रमांक/मबावि/SAP-2/2025/ भोपाल,दिनांक /06/2025

प्रतिलिपिः–

1. निज सचिव, माननीय मंत्री, मध्यप्रदेश शासन, महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर सूचनार्थ।
2. अपर मुख्य सचिव, मध्यप्रदेश शासन, महिला एवं बाल विकास, भोपाल की ओर सूचनार्थ।
3. संभागीय आयुक्त, संभाग–समस्त, मध्यप्रदेश की ओर सूचनार्थ।
4. कलेक्टर, जिला–समस्त, मध्यप्रदेश की ओर सूचनार्थ।
5. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, एम.पी.ऑनलाइन, भोपाल, मध्यप्रदेश की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
6. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, जिला–समस्त, मध्यप्रदेश की ओर सूचनार्थ।
7. संभागीय संयुक्त संचालक, महिला एवं बाल विकास, संभाग–समस्त मध्यप्रदेश की ओर सूचनार्थ।
8. जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास, जिला–समस्त मध्यप्रदेश की ओर सूचनार्थ।
9. अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), अनुभाग–समस्त, मध्यप्रदेश की ओर सूचनार्थ।
10. बाल विकास परियोजना अधिकारी, एकीकृत बाल विकास सेवा, परियोजना– समस्त, मध्यप्रदेश की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

19/06/25
आयुक्त
महिला एवं बाल विकास,
मध्यप्रदेश

# संचालनालय महिला एवं बाल विकास, मध्यप्रदेश

"विजयाराजे वात्सल्य भवन, 28 – A, अरेरा हिल्स, भोपाल (म0प्र0) - 462011

फोन : 2550909, फैक्स : 2550912, E- m-ail directorate.wcd@mp.gov.in/ Website www.mpwcdmis.org


क्र./मबावि/SAP-2/2025/2106 भोपाल, दिनांक: 19/06/2025

## विज्ञप्ति

### आंगनवाडी कार्यकर्ताओं एव आंगनवाडी सहायिकाओं के पूर्णतः अस्थाई एवं मानदेय आधारित, मानसेवी रिक्त पदों की पूर्ति हेतु विज्ञापन

### आवेदन आमंत्रण सूचना

महिला एवं बाल विकास विभाग, मध्यप्रदेश अन्तर्गत जिलों की बाल विकास परियोजनाओं में आंगनवाडी कार्यकर्ताओं एवं आंगनवाडी सहायिकाओं के **पूर्णतः अस्थाई एवं मानदेय आधारित, मानसेवी रिक्त पदों** हेतु पात्र महिलाओं से जिलेवार निम्नानुसार रिक्त पदों की पूर्ति हेतु **MP Online** द्वारा तैयार "चयन पोर्टल" **(https://chayan.mponline.gov.in)** के माध्यम से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं:–

| क्र. | संभाग का नाम | जिले का नाम | रिक्त पदों की संख्या | |
|---|---|---|---|---|
| | | | आंगनवाड़ी कार्यकर्ता | आंगनवाड़ी सहायिका |
| 1 | भोपाल | भोपाल | 32 | 289 |
| 2 | भोपाल | रायसेन | 27 | 452 |
| 3 | भोपाल | राजगढ़ | 28 | 501 |
| 4 | भोपाल | सीहोर | 27 | 270 |
| 5 | भोपाल | विदिशा | 57 | 528 |
| 6 | चम्बल | भिण्ड | 31 | 469 |
| 7 | चम्बल | मुरैना | 47 | 633 |
| 8 | चम्बल | श्योपुर | 56 | 375 |
| 9 | ग्वालियर | अशोकनगर | 51 | 260 |
| 10 | ग्वालियर | दतिया | 42 | 228 |
| 11 | ग्वालियर | गुना | 51 | 544 |
| 12 | ग्वालियर | ग्वालियर | 44 | 231 |
| 13 | ग्वालियर | शिवपुरी | 95 | 611 |
| 14 | इंदौर | अलीराजपुर | 36 | 839 |
| 15 | इंदौर | बडवानी | 50 | 244 |
| 16 | इंदौर | बुरहानपुर | 18 | 94 |
| 17 | इंदौर | धार | 54 | 539 |
| 18 | इंदौर | इंदौर | 32 | 196 |
| 19 | इंदौर | झाबुआ | 51 | 890 |
| 20 | इंदौर | खंडवा | 45 | 168 |
| 21 | इंदौर | खरगोन | 55 | 356 |
| 22 | जबलपुर | बालाघाट | 45 | 271 |
| 23 | जबलपुर | छिंदवाडा | 53 | 341 |
| 24 | जबलपुर | डिण्डौरी | 59 | 348 |
| 25 | जबलपुर | जबलपुर | 35 | 422 |
| 26 | जबलपुर | कटनी | 28 | 252 |
| 27 | जबलपुर | मंडला | 58 | 524 |
| 28 | जबलपुर | नरसिंहपुर | 32 | 134 |
| 29 | जबलपुर | पाण्ढुर्ना | 12 | 45 |
| 30 | जबलपुर | सिवनी | 43 | 310 |
| 31 | नर्मदापुरम | बैतूल | 50 | 177 |
| 32 | नर्मदापुरम | हरदा | 21 | 122 |
| 33 | नर्मदापुरम | नर्मदापुरम | 24 | 264 |
| 34 | रीवा | मैहर | 14 | 125 |
| 35 | रीवा | मऊगंज | 6 | 281 |
| 36 | रीवा | रीवा | 32 | 390 |

| क्र. | संभाग का नाम | जिले का नाम | रिक्त पदों की संख्या | |
|---|---|---|---|---|
| | | | आंगनवाड़ी कार्यकर्ता | आंगनवाड़ी सहायिका |
| 37 | रीवा | सतना | 25 | 324 |
| 38 | रीवा | सीधी | 30 | 121 |
| 39 | रीवा | सिंगरौली | 18 | 200 |
| 40 | सागर | छतरपुर | 44 | 322 |
| 41 | सागर | दमोह | 31 | 321 |
| 42 | सागर | निवाड़ी | 13 | 71 |
| 43 | सागर | पन्ना | 13 | 328 |
| 44 | सागर | सागर | 66 | 483 |
| 45 | सागर | टीकमगढ़ | 21 | 223 |
| 46 | शहडोल | अनूपपुर | 30 | 150 |
| 47 | शहडोल | शहडोल | 53 | 276 |
| 48 | शहडोल | उमरिया | 39 | 155 |
| 49 | उज्जैन | आगर मालवा | 16 | 124 |
| 50 | उज्जैन | देवास | 30 | 252 |
| 51 | उज्जैन | मंदसौर | 23 | 297 |
| 52 | उज्जैन | नीमच | 22 | 169 |
| 53 | उज्जैन | रतलाम | 39 | 508 |
| 54 | उज्जैन | शाजापुर | 28 | 138 |
| 55 | उज्जैन | उज्जैन | 45 | 292 |
| **कुल** | | | **2027** | **17477** |

1. विज्ञापन में जिलेवार आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं आंगनवाड़ी सहायिकाओं के रिक्त पदों की जानकारी उल्लेखित है। **बाल विकास परियोजना एवं आंगनवाड़ी केन्द्रवार रिक्त पदों का विवरण** संबंधित जिले/बाल विकास परियोजना कार्यालय एवं **MP Online द्वारा तैयार "चयन पोर्टल" (https://chayan.mponline.gov.in)** पर उपलब्ध है।
2. नियुक्ति से संबंधित नियम, निर्देश, शर्तें, आवेदन का प्रारूप, शैक्षणिक योग्यता एवं अन्य अर्हताओं से संबंधित जानकारी MP Online द्वारा तैयार **"चयन पोर्टल" (https://chayan.mponline.gov.in)** एवं **विभागीय वेबसाइट पोर्टल mpwcdmis.gov.in** पर उपलब्ध है।
3. रिक्त पदों की पूर्ति हेतु आवश्यक योग्यताऐं एवं अहर्ताऐं :-
   - 3.1 **जिस ग्राम/नगरीय क्षेत्र के वार्ड में रिक्त पद की पूर्ति की जानी है, आवेदिका ग्रामीण क्षेत्र में उसी राजस्व ग्राम एवं शहरी/नगरीय क्षेत्र में उसी वार्ड की निवासी होना अनिवार्य है। अन्य ग्राम/वार्ड की महिला आवेदन हेतु पात्र नहीं है।**
   - 3.2 आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं आंगनवाड़ी सहायिका के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु **अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता हायर सेकण्डरी (12वीं उत्तीर्ण)** अनिवार्य है।
   - 3.3 आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं आंगनवाड़ी सहायिका के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु **दिनांक 01.01.2025 की स्थिति में आयु 18 से 35 वर्ष** होना अनिवार्य है।
4. **आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं आंगनवाड़ी सहायिका के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु आवेदन पत्र, विज्ञप्ति प्रकाशन के दिनांक से 10 दिवस की समयावधि में ही केवल ऑनलाइन माध्यम से प्राप्त किये जायेंगे। ऑफलाइन प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जायेगा।**
5. **आवेदिका द्वारा रिक्त पदों हेतु ऑनलाइन भरते समय ही आवेदन पत्र के साथ समस्त प्रमाण पत्र PDF Format में अपलोड किये जायेंगे। आवेदन के उपरांत आवेदन में संशोधन की सुविधा निर्धारित अवधि हेतु ही उपलब्ध होगी। ऑनलाइन माध्यम से भरे गये आवेदन के प्रिंटऑउट की प्रति संबंधित आवेदिका द्वारा सुरक्षित रखी जायेगी।**
6. **विभाग के संचालनालय, संभागीय संयुक्त संचालक कार्यालय, जिला कार्यक्रम अधिकारी कार्यालय एवं बाल विकास परियोजना कार्यालय को प्रेषित नियुक्ति संबंधी आवेदन पत्र को स्वीकार नहीं किया जावेगा। केवल ऑनलाइन आवेदन ही मान्य होंगे।**
7. **ऑनलाइन आवेदन भरने की सुविधा MP Online द्वारा तैयार "चयन पोर्टल" (https://chayan.mponline.gov.in) पर उपलब्ध है। आवेदन MP Online द्वारा स्थापित कियोस्क के माध्यम से या स्वयं MP Online के पोर्टल पर जाकर भर सकते है। MP Online द्वारा भरे जाने वाले आवेदन हेतु शुल्क राशि रूपये 100/- एवं 18% GST निर्धारित है।**

8. MP Online से संबंधित समस्या निराकरण हेतु **हेल्पलाईन नंबर– 0755–6720208** है।
9. जिन आंगनवाडी केन्द्रों के रिक्त पदों की पूर्ति के लिये विज्ञप्ति जारी की जा रही है, उनके संबंध में यदि कलेक्टर/अपर कलेक्टर/संभाग आयुक्त/अपर आयुक्त के न्यायालय अथवा माननीय उच्च न्यायालय में यदि कोई वाद प्रचलित है अथवा भर्ती प्रकिया के दौरान कोई वाद निर्मित होता है तो माननीय न्यायालय का निर्णय अंतिम होगा अर्थात् चयन एवं नियुक्ति माननीय न्यायालय के निर्णय के अधीन रहेगी।
10. आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं आंगनवाड़ी सहायिका के रिक्त पदों की संख्या/विज्ञापित रिक्त पदों में परिवर्तन का अधिकार विभाग का होगा।

**(आयुक्त द्वारा अनुमोदित)**

(प्रज्ञा अवस्थी)
संयुक्त संचालक
महिला एवं बाल विकास
मध्यप्रदेश